दिनांक 3 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

1 करोड़ 72 लाख 50 हजार के विकास कार्यों का महापौर देवेंद्र ने किया भूमिपूजन

-वार्ड 36 गौतर नगर में हुआ भूमिपूजन और लोकार्पण

-मेयर ने गौतम नगर को दी करोड़ो की सौगात

भिलाई। रविवार का दिन वार्ड 36 गौतम नगर के लिए काफी खास रहा है। क्योंकि भिलाई नगर विधायक व महापौर देवेंद्र यादव गौतम नगर वार्ड के वार्डवासियों को बड़ी सौगात आज दिए हैं। गौतम नगर के वार्ड में 1 करोड़ 72 लाख 50 हजार के विकास कार्य का आज भूमिपूजन किया गया। इसके अलावा लाखों के विकास कार्य का लोकार्पण भी किया गया! रविवार की सुबह 9 बजे वार्ड 36 में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छोटा पंचशील स्कूल के पास भूमिपूजन के लिए महापौर पहुंचे। पंचशील स्कूल से रविन्द्र सिंह के घर तक दोनों और पाथवे निर्माण कार्य 9 लाख, अंबेडकर भवन से लेकर रविंद्र सिंह के घर तक रोड के किनारे पेवर ब्लाक लगाने का कार्य 10 लाख, सामुदायिक भवन में लगी नाली निकासी निर्माण कार्य 6 लाख। गली नंबर 6 आंगनबाड़ी के सामने नाली निर्माण कार्य लागत 6 लाख, गली नंबर 6 पंप हाउस के पास से महिला सुलभ शौचालय तक सीमेंटीकरण कार्य 8 लाख! सन्यासी गली में सीमेंटीकरण कार्य 6 लाख! जन्माष्टमी ग्राउंड सड़क 19 एवं 20 में चैनलिंक फेंसिंग एवं ओपन जिम निर्माण कार्य लागत 15 लाख, सड़क नंबर 20 से 22 तक स्थित रोड में दोनों और पेवर ब्लॉक

जनसंपर्क अधिकारी